रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 57] नई दिल्ली, बुधवार, जनवरी 14, 2004/पौष 24, 1925
No. 57] NEW DELHI, WEDNESDAY, JANUARY 14, 2004/PAUSA 24, 1925

## वित्त मंत्रालय

### (राजस्व विभाग)

### अधिसूचना

नई दिल्ली, 14 जनवरी, 2004

का.आ. 68(अ).— केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम 1961 ( 1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खण्ड ( ख) के साथ पठित उपधारा ( 1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए,आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए राष्ट्रीय समिति की सिफारिशों पर नीचे दी गई सारणी के कॉलम ( 2) में यथाउल्लिखित संस्थाओं का एतद्द्वारा अनुमोदन करती है तथा उक्त सारणी के कॉलम ( 3) में यथाउल्लिखित पात्र परियोजनाओं अथवा स्कीमों और उनकी अनुमानित लागत को विनिर्दिष्ट करती है तथा कथित सारणी के-कॉलम (4) में ऐसी लागत की अधिकतम राशि को भी विनिर्दिष्ट करती है जिसे धारा 35 क ग के तहत कटौती के रूप में अनुज्ञात किया जाना है, नामतः

**सारणी**

| क्रम सं0 | संस्था का नाम | परियोजना अथवा स्कीम और उसकी अनुमानित लागत | धारा 35 क ग के तहत कटौती के रूप में अनुज्ञात की जाने वाली लागत की अधिकतम राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. |
| 1. | रामाराव आदिक एजूकेशन सोसाइटी,डी वाई पाटिल बिल्डिंग,एम आइ जी कालोनी के | भवन निर्माण, उपस्करों,वातानुकूलितों, वाहनों आदि की खरीद । | कर निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005-2006 और 2006-2007 अर्थात केवल दो वर्षों के लिए |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | सामने, आदर्शनगर, वर्ली, मुम्बई-400025. | | 75.00 करोड़ रू0 । |
| 2. | अचकन एजूकेशनल ट्रस्ट, 703, कपूर टॉवर्स-3, जेसल पार्क, भायान्दर (पूर्व), थाने-401105, महाराष्ट्र । | भूमि की खरीद तथा विकास, स्कूल बिल्डिंग का निर्माण, फर्नीचर की खरीद तथा परियोजना को चलाना । | कर निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005-2006 और 2006-2007 अर्थात केवल तीन वर्षों के लिए 947.00 लाख रू0 । |
| 3. | जगदगुरू शैक्षिक, सांस्कृतिक तथा धर्मार्थ ट्रस्ट, व्यास मन्दीरम कन्नामपुजा रोड़, चालाकुडी, केरल-680307 | (क) व्यास विद्यानिकेतन सेन्ट्रल स्कूल, चालाकुडी, केरल<br>(ख) विवेकानन्द बाल विकास केन्द्र, पो0आ0चालाकुडी<br>(ग) पातांजलि योग विद्या पीतम--<br>(घ) जीवन रक्षा वेदी | कर निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005-2006 और 2006-2007 अर्थात केवल तीन वर्षों के लिए 173.00 लाख रू0 |
| 4. | एस0एम0कुमार शैक्षिक एवं सामाजिक कल्याण ट्रस्ट, 2125, चौथी क्रॉस स्ट्रीट, ट्रस्टपुरम, कोडामबक्कम, चेन्नई-24. | स्टूडेन्ट होम ( बोर्डिंग एवं लोजिंग) का निर्माण | कर निर्धारण वर्ष 2004-2005 और 2005-2006 अर्थात केवल दो वर्षों के लिए 68.80 लाख रू0 |
| 5. | अनुसंधान, शिक्षा एवं पुनर्वास हेतु भारतीय औषधि संस्थान, केयर ऑफ डा0 कारने हास्पिटल प्रा0लि0 सतारा रोड़, पूणे-411037 पूणे. | निदानात्मक चिकित्सा सहायता हेतु अस्पताल ( चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्र) निर्माण तथा महाराष्ट्र के आदिवासी तथा जनजातीय क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाना । | कर निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005-2006 और 2006-2007 अर्थात केवल तीन वर्षों के लिए 2556.00 लाख रू0 । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | श्री सन्त तुकदोजी महाराज ग्रामीण बहु-उद्देशीय शिक्षण संस्था, साधांकरवाडी वार्ड सं03, चिखलगॉव, तहसील-वानी, जिला-यवतमाल, महाराष्ट्र । | भूमि खरीद, क्षेत्र विकास, अस्पताल बिल्डिंग, डाक्टरों, नर्सों के लिए रिहाइशी क्वार्टरों का निर्माण, उपस्करों, वाहनों, कंप्यूटरों, फर्नीचर तथा फिक्सचरों की खरीद और अस्पताल को चलाना । | कर निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005-2006 और 2006-2007 अर्थात केवल तीन वर्षों के लिए 4834.21 लाख रू0 । |
| 7. | आर0एन0एस0ट्रस्ट, नवीन कॉम्पलैक्स, सं0 14, एम0जी0रोड, बंगलौर -560001. | अस्पताल बिल्डिंग की आंतरिक साज-सज्जा, चिकित्सा उपस्करों/उपकरणों आदि की खरीद । | कर निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005-2006 और 2006-2007 अर्थात केवल तीन वर्षों के लिए 864.40 लाख रू0 रूपए । |
| 8. | हिमकॉन ( हिमालयन संरक्षण हेतु हिमालयन संघ) सं0 44, पंचशील पार्क, नई दिल्ली-110017. | हिमालय को नया रूप देना तथा हरा-भरा बनाना । | कर निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005-2006 और 2006-2007 अर्थात केवल तीन वर्षों के लिए 4.03 करोड़ रूपए । |
| 9. | श्री अंबिका निकेतन ट्रस्ट, पारले पॉइंट आठवा लाइन्स, सूरत-395007. | वरिष्ठ नागरिक गृह-श्री भारतीमैया आनन्दधारा (वृद्धाश्रम) का निर्माण तथा परियोजना को चलाना । | कर निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005-2006 और 2006-2007 अर्थात केवल तीन वर्षों के लिए 2.92 करोड़ रू0 की कार्पस निधि सहित 4.21 करोड़ रूपए । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | दीपालय, 46, संस्थानिक क्षेत्र, डी-ब्लॉक, जनकपुरी, नई दिल्ली -110058. | औषधालय हेतु भवन निर्माण, फर्नीचर, उपस्करों तथा वैन की खरीद और मेवात के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामवासियों के लिए स्वास्थ्य परियोजना को चलाना । | कर निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005-2006 और 2006-2007 अर्थात केवल तीन वर्षों के लिए 97.18 लाख रूपए । |

2. यह अधिसूचना उक्त सारणी की क्रम सं0 1 एवं 4 में उल्लिखित परियोजनाओं अथवा स्कीमों के संदर्भ में कर निर्धारण वर्ष 2004-2005 तथा 2005-2006 के संबंध में दो वर्षों की अवधि के लिए तथा क्रम सं0 2,3,5,6,7,8,9 तथा 10 में उल्लिखित परियोजनाओं अथवा स्कीमों के संदर्भ में कर निर्धारण वर्ष 2004-2005, 2005-2006, और 2006-2007 के संबंध में तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रवृत्त रहेगी ।

[फा. सं. 20/2004/फा. सं. एन.सी.-333/2003]

सुनील शर्मा, उप सचिव (राष्ट्रीय समिति)